दिन—मंगलवार

दिनांक— 20 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधिः— 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया। तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम रिपोर्ट सौंपने का दिया आदेश।

02. केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग – यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द करने के दिये निर्देश।

03. भागलपुर के गोपालपुर प्रखंड में इस्माईलपुर बिंद टोली तटबंध टूटा। बड़ी आबादी प्रभावित। राहत और बचाव कार्य जारी।

04. और, भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को बिहार से राज्यसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया।

————————————————————

उच्चतम न्यायालय ने स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल गठित किया है। न्यायालय ने कार्यबल से तीन सप्ताह के भीतर अपनी अंतरिम और दो महीने के भीतर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। प्रधान न्यायधीश डी.वाई. चन्द्रचूड के अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कोलकाता में एक डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुये आज यह आदेश दिया। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देशभर से चुने डॉक्टरों का यह राष्ट्रीय कार्यबल ऐसे दिशा—निर्देशों की सिफारिश करेगा, जो पूरे देश में लागू होंगे। न्यायालय ने देशभर के डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों के असुरक्षित कामकाजी माहौल पर चिन्ता भी व्यक्त की है। न्यायालय ने कहा कि वर्तमान कानून डॉक्टरों की सांस्थानिक सुरक्षा को सही प्रकार से व्यक्त नहीं करते हैं। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता की घटना को लेकर स्वतः संज्ञान लिया है।

————————————————————

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखा है। इस पत्र में मंत्रालय ने प्रवेश, निकासी, गलियारे, तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

आपात स्थितियों में तत्काल कार्रवाई के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित करने को कहा गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उचित निगरानी, गश्ती और अस्पताल परिसरों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में

प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जानी चाहिए। मंत्रालय ने बताया कि अधिकृत कर्मचारियों को प्रवेश और निकास द्वार पर कडी निगरानी के बाद अनुमति दी जानी चाहिए। ड्यूटी के दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र दिखाए जाने को अनिवार्य किया जाना चाहिए। सभी अस्पतालों को परिसरों में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के विरूद्ध हिंसा रोकने के लिए राज्यों को सजा का प्रावधान करने को भी कहा गया है। महिला स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के कार्यक्षेत्रों, पार्किंग क्षेत्र और प्रवेश द्वार पर प्रकाश की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए। बुनियादी सुविधाओं के साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षित ड्यूटी कक्ष महिला स्वास्थ्य कर्मियों को दिया जाना चाहिए। रात में दो महिला स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। आनंद की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मृगनयनी पांडे।

———————————————————

भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में बलात्कार और हत्या की घटना के लिए पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। श्री पूनावाला ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की आज की सुनवाई से स्पष्ट हो गया है कि ममता बनर्जी की सरकार बेटी को न्याय दिलाने के बजाय सच दबाओ, सबूत मिटाओ और बलात्कारी बचाओ कर रही है।

———बाईट———

———————————————————

केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग – यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में यूपीएससी ने केंद्रीय मंत्रालयों में पैंतालीस संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिवों को नियुक्त करने से संबंधित एक विज्ञापन जारी किया था। विपक्षी पार्टियों ने इस विज्ञापन पर प्रश्न उठाए थे। केंद्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने यूपीएससी की अध्यक्ष प्रीति सूदन को लिखे पत्र में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लैट्रल एंट्री की प्रक्रिया संविधान में समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धातों विशेषकर आरक्षण के प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण सरकार के सामाजिक न्याय ढांचे का एक महत्वपूर्ण भाग है।

———————————————————

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि लेटरल एंट्री को आरक्षण के प्रावधानों से जोड़ना समाजिक न्याय के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री सामाजिक न्याय में विश्वास रखते हैं और उनके कार्यक्रम समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए होते हैं।

———बाईट———

———————————————————

भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनन कुमार मिश्रा को बिहार से राज्यसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। श्री मिश्रा बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष

हैं। भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति की नई दिल्ली में आज हुई बैठक के बाद उपचुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा की गयी है। गौरतलब है कि पाटलिपुत्र सीट से राजद की मीसा भारती और नवादा से भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनावों में विजयी रहने के बाद राज्य से राज्यसभा की दो सीट रिक्त हो गयी हैं। उप चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की कल अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच बाईस अगस्त को की जाएगी। सत्ताईस अगस्त तक नामांकन वापस ले सकते हैं। यदि आवश्यक हुआ तो मतदान तीन सितम्बर को होगा और उसी दिन मतों की गणना भी की जाएगी।

————————————————————————

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रेम कुमार ने औरंगाबाद के मदनपुर में आज से ड्रोन के द्वारा सीडबॉल बिखेर कर वृक्षारोपण के अरण्य अभियान के पहले चरण की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत औरंगाबाद, गया और नवादा जिले में पहाड़ों पर वृक्षारोपण कर हरियाली का विस्तार किया जायेगा। इन क्षेत्रों में पहाड़ों पर दो लाख सीडबॉल के जरिए वृक्ष लगाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

———बाईट———

श्री कुमार ने कहा कि अगले चरण में दक्षिण बिहार के कैमूर, रोहतास, जमुई, शेखपुरा और मुंगेर जिले में ऐसे ही पायलट प्रोजेक्ट चलाए जाएंगे।

————————————————————————

गंगा, कोसी, गंडक समेत राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में फिर से बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से बांधों पर दबाव बढ़ गया है। भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के गोपालपुर प्रखंड अंतर्गत इस्माईलपुर बिंद टोली के पास बांध टूट गया। जिससे एक बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है।

———बाईट———

बिंद टोली के पास बांध टूटने से एक दर्जन से ज्यादा घर गंगा में समा गए। 100 मीटर से ज्यादा कटाव होने से आस पास के इलाका भी प्रभावित हुआ है। प्रशासन लोगो को ऊंचे स्थानों पर लाने में जुटा है। एन डी आर एफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। निजी नावों की भी व्यवस्था की गई है। भागलपुर के जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी, नवगछिया एस पी पूरन झा, गोपालपुर के अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर हालात का जायज़ा लिया और बचाव कार्य तेज़ी से चलाने के निर्देश दिये। इधर जिले के कई प्रखंड में बाढ़ का पानी प्रवेश करने से लोगो की समस्याएं बढ़ गई है। नाथनगर, सबौर, कहलगांव सहित कई स्थानों पर बाढ़ का पानी फैल रहा है।

आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि इस बांध पर काफी दबाव था, जिसके कारण बांध का एक स्पर टूट गया। उन्होंने कहा कि हालात पर निगरानी रखी जा रही है।

———बाईट———

इधर, बाढ़ प्रभावित विभिन्न क्षेत्रों में अब कटाव का भी संकट मंडराने लगा है। पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली में सिकरहना नदी में कटाव से लोग सहमे हुये हैं।

———बाईट———

जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में अब हालात बेहतर हो रहे हैं। कई इलाकों से पानी निकल गया है। लेकिन अब कटाव डर सता रहा है। सुगौली प्रखंड क्षेत्र के सुकुल पाकड़ वार्ड नंबर 10 और 11 में सिकरहना नदी ने तेज़ी से कटाव शुरू कर दिया। कटाव स्थल से महज 60 फीट की दूरी पर लोगों के घर कभी भी नदी में समा सकते हैं। लगातार शिकायत के बाद प्रशासन ने कटाव रोधी कार्य शुरु किया है। लेकिन पानी की तेज धार के कारण कटाव स्थल पर रखे सैंड बैग बह जा रहे हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्वी चंपारण से आलोक कुमार

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामान्य बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान समस्तीपुर और नवादा जिले में कई स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गयी है। समस्तीपुर के ताजपुर में सबसे अधिक तिरानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। वहीं, अन्य भागों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————

नेपाल के रहने वाले राजेन्द्र रेग्मी उर्फ निराहार बाबा ने अठारह दिनों तक निराहार रहने के ऑस्ट्रिया के एंड्रॉयस मिहाबेज के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पटना के कंकड़बाग थाना अन्तर्गत लोहिया पार्क के पास एक आवास में राजेन्द्र रेग्मी का निराहार उपवास आज बीसवें दिन भी जारी है। उन्होंने विश्व शांति और मानवता की रक्षा के लिए इक्कीस दिनों के निराहार उपवास का संकल्प लिया है।

———————————————————

बेगूसराय के छौड़ाही बाजार स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय के नौवीं कक्षा के एक छात्र को पुलिस ने पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————

अरवल जिला के स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिलाधिकारी वर्षा सिंह के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गयी। बाद में शहर के विभिन्न सड़कों और सब्जीमंडी के आस–पास स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

————————————————————

सुपौल के भीमनगर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस के जवानों की कथित रूप से खराब भोजन खाने से तबीयत खराब होने के मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर यह जांच शुरू की गयी है।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. सर्वोच्च न्यायालय ने चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया। तीन सप्ताह के भीतर अंतरिम रिपोर्ट सौंपने का दिया आदेश।

02. केन्द्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग – यूपीएससी को नौकरशाही में लैट्रल एंट्री से संबंधित विज्ञापन रद्द करने के दिये निर्देश।

03. भागलपुर के गोपालपुर प्रखंड में इस्माईलपुर बिंद टोली तटबंध टूटा। बड़ी आबादी प्रभावित। राहत और बचाव कार्य जारी।

04. और, भाजपा ने वरिष्ठ अधिवक्ता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा को बिहार से राज्यसभा उप चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।